# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला

# जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश

## 12वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

## मुख्य अतिथि

**डॉ0 अरविन्द सहगल**

प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय
द्रंग स्थित नारला, जिला मण्डी,
हिमाचल प्रदेश।

## वार्षिक प्रतिवेदन 2018–19

प्रस्तुति : डॉ0 कल्याण मंढोत्रा
उप–प्राचार्य

दिनांकः 06 अप्रैल, 2019

# राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला,
# जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश
# वार्षिक प्रतिवेदन
# सत्र : 2018–19

मान्यवर,

आज राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला अपना 12वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित कर रहा है। आप सभी का यहाँ पधारने पर मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ। यह हमारे लिए अत्यन्त हर्ष का विषय है कि इस समारोह के मुख्य–अतिथि के रूप में हमारे मध्य परम आदरणीय प्राचार्य, डॉ0 अरविन्द सहगल, राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला विराजमान हैं।

महाविद्यालय परिवार आप जैसे महानुभाव को मुख्य–अतिथि के रूप में अपने मध्य उपस्थित पाकर अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। आपका जन्म 20 अगस्त, सन् 1961 में काँगड़ा जिला के बीड़ नामक गांव में श्री नरेश सहगल जी के घर में हुआ। आपकी प्रारम्भिक शिक्षा, राजकीय प्राथमिक पाठशाला खलियार, उच्च शिक्षा, राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मण्डी, स्नातक की शिक्षा, डी0ए0वी0 जालन्धर तथा समाजशास्त्र विषय में स्नातकोत्तर तक की शिक्षा, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर से हुई। आपने समाजशास्त्र विषय में एम0फिल0 व पी0 एचडी0 की उपाधि पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ से प्राप्त की।

सर्वप्रथम आप सन् 1986 में तदर्थ आधार पर राजकीय वल्लभ महाविद्यालय, मण्डी में समाजशास्त्र के प्राध्यापक के पद पर नियुक्त होकर लगभग एक वर्ष तक कार्यरत रहे तत्पश्चात् सन् 1987 में नियमित नियुक्ति प्राप्त कर राजकीय महाविद्यालय, कोटशेरा, जिला शिमला में लगभग डेढ़ वर्ष तक, सन् 1988 से सन् 2006 तक राजकीय वल्लभ महाविद्यालय, मण्डी में लगभग सत्रह वर्ष तक व सन् 2006 के आरम्भ से दिसम्बर 2006 तक राजकीय महाविद्यालय, बंजार, जिला कुल्लु में लगभग एक वर्ष तक कार्यरत रहे तथा दिसम्बर 2006 के अन्त में राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला को स्थानान्तरित हुए। यहाँ से जून 2014 में प्राचार्य के पद पर पदोन्नत होकर राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में लगभग एक वर्ष तक कार्यरत रहे। यहाँ से सन् 2015 में स्थानान्तरित होकर लगभग अढ़ाई वर्ष तक राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में कार्यरत रहे। तत्पश्चात् सन् 2017 में आप अपने वर्तमान स्थान राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला को स्थानान्तरित हुए। यहाँ लगभग बीस माह का आपका कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। आपका यह कार्यकाल विकास की दृष्टि से महाविद्यालय के इतिहास में अविस्मरणीय रहेगा।

आप एक ईमाानदार व साफ छवि के मालिक हैं। महोदय की कर्मठता, समर्पण एवं कर्त्तव्य–निष्ठा से हम सभी परिचित है।

हमारे मध्य विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, अभिभावक व गणमान्य व्यक्ति तथा पत्रकार बन्धु उपस्थित हैं, मैं आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

घोघर धार के आँचल में बसा, हिमरी गंगा के चरणों में स्थित सुरम्य घाटियों से घिरा महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला वर्ष 2006 में अस्तित्व में आया। इस महाविद्यालय की स्थापना से पहाड़ी क्षेत्रों की उन्नति एवं समृद्धि के रास्ते खुले हैं। महाविद्यालय अपने गौरवमय इतिहास का एक दशक पूर्ण कर चुका है और शैशव से बाल्यावस्था की ओर अग्रसर हो रहा है। विकास की इसी यात्रा के अन्तर्गत वर्तमान में यह महाविद्यालय; वल्लभ क्लस्टर युनिवर्सिटी मण्डी का हिस्सा बनने जा रहा है, जिसकी सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी है। विगत दिनों महाविद्यालय का 'राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद' **(NACC)** के द्वारा मूल्यांकन भी किया गया है। भविष्य में इस संस्था के विकास व उत्कर्ष के लिए आपका मार्गदर्शन मिलता रहे, हम सब की यही कामना है।

महोदय, मैं इस सत्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ।

## प्रवेश विवरण :—

वर्तमान शैक्षणिक—सत्र 2018—19 में महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों में प्रथम वर्ष व चतुर्थ एवं षष्ठ सत्रों में कक्षाएं चल रही हैं। जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 457 है। जिसमें 173 छात्र तथा 284 छात्राएं हैं, जिनका विस्तृत विवरण इस प्रकार है:—

| कक्षा | छात्र | छात्राएं | कुल |
|---|---|---|---|
| बी0 ए0 प्रथम वर्ष | 39 | 75 | 114 |
| बी0 ए0 चतुर्थ सत्र | 23 | 66 | 89 |
| बी0 ए0 षष्ठ सत्र | 24 | 76 | 100 |
| बी0एससी0 प्रथम वर्ष | 30 | 24 | 54 |
| बी0एससी0 चतुर्थ सत्र | 24 | 12 | 36 |
| बी0एससी0 षष्ठ सत्र | 23 | 20 | 43 |
| बी0 कॉम0 प्रथम वर्ष | 01 | 03 | 04 |
| बी0 कॉम0 चतुर्थ सत्र | 05 | 03 | 08 |
| बी0 कॉम0 षष्ठ सत्र | 04 | 05 | 09 |
| **कुल योग** | **172** | **284** | **457** |

## कर्मचारियों की स्थिति :—

### शिक्षक वर्ग :—

महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में शिक्षक वर्ग के 18 पद सृजित हैं तथा जिनमें 13 प्राध्यापक नियमित व 05 प्राध्यापक अनुबन्ध के आधार पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## गैर शिक्षक वर्ग :–

गैर शिक्षक वर्ग में 21 पद सृजित हैं, जिनमें 07 पदों पर नियमित व 01 पद पर अनुबन्ध के आधार पर कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। चतुर्थ श्रेणी में 08 पद सृजित हैं, जिनके स्थान पर 06 कर्मचारी कार्यरत हैं। इस तरह गैर शिक्षक वर्ग में 13 पद तथा चतुर्थ श्रेणी में 02 पद रिक्त हैं। तबला अनुदेशक का भी 01 पद सृजित हैं जो अब तक रिक्त चल रहा है।

**PTA Fund** से एक सफाई कर्मचारी की सेवाएं ली जा रही हैं।

## रिक्तियाँ :–

पुस्तकालय स्टाफ में तीन, प्रयोगशाला स्टाफ में आठ, वरिष्ठ सहायक का एक, संगीत विभाग में तबला अनुदेशक का एक, स्टोर कीपर का एक तथा सफाई कर्मचारी के दो पद रिक्त हैं। रिक्तियों का विस्तृत विवरण तालिका द्वारा स्पष्ट किया गया है :–

| विभाग / वर्ग | स्वीकृत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|
| शिक्षक वर्ग | 18 पद | nil |
| पुस्तकालय | पुस्तकालयाध्यक्ष – 01 पद | 01 पद |
| | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष – 01 पद | nil |
| | पुस्तकालय परिचर – 01 पद | 01 पद |
| | पुस्तकालय रीस्टोरर – 01 पद | 01 पद |
| प्रयोगशाला | एस0एल0ए0 – 02 पद | nil |
| | जे0एल0ए0 – 04 पद | 04 पद |
| | एल0ए0 – 05 पद | 04 पद |
| | तबला अनुदेशक – 01 पद | 01 पद |
| गैर–शिक्षक वर्ग | अधिक्षक – 01 पद | nil |
| | वरिष्ठ सहायक – 01 पद | 01 पद |
| | लिपिक – 03 पद | nil |
| | स्टोर कीपर – 01 पद | 01 पद |
| चतुर्थ श्रेणी | सेवादार – 03 पद | nil |
| | चौकीदार – 02 पद | nil |
| | सफाई कर्मचारी – 02 पद | 02 पद |
| | माली – 01 पद | nil |

| Teaching Category | | | Filled | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Sr.No** | **Subject** | **Sanctioned Post** | **Regular** | **Contract** | **Vacant** |
| 1 | Principal | 1 | 1 | | |
| 2 | English | 2 | 2 | | |
| 3 | Hindi | 1 | 1 | | |
| 4 | History | 1 | | 1 | |
| 5 | Pol.Science | 1 | 1 | | |
| 6 | Economics | 1 | | 1 | |
| 7 | Sociology | 1 | 1 | | |
| 8 | Geography | 1 | 1 | | |
| 9 | Music | 1 | 1 | | |
| 10 | Math | 1 | 1 | | |
| 11 | Physics | 2 | 1 | 1 | |
| 12 | Chemistry | 2 | 2 | | |
| 13 | Botany | 1 | 1 | | |
| 14 | Zoology | 1 | | 1 | |
| 15 | Commerce | 2 | 1 | 1 | |
| **Non-Teaching Category** | | | **Filled** | | |
| **Sr.No** | **Name of Post** | **Sanctioned Post** | **Regular** | **Contract** | **Vacant** |
| 1 | Supdt-II | 1 | 1 | | |
| 2 | Sr. Assistant | 1 | | | 1 |
| 3 | Clerk | 3 | 2 | 1 | |
| 4 | Store Keeper | 1 | | | 1 |
| 5 | Librarian | 1 | | | 1 |
| 6 | Asstt. Librarian | 1 | 1 | | |
| 7 | Library Attendent | 1 | | | 1 |
| 8 | Library Restorer | 1 | | | 1 |
| 9 | SLA | 2 | 2 | | |
| 10 | JLA | 4 | | | 4 |
| 11 | LA | 5 | 1 | | 4 |
| 12 | Tabla Instructer | 1 | | | 1 |
| 13 | Peon | 3 | 3 | | |
| 14 | Chowkidar | 2 | 2 | | |
| 15 | Gardener | 1 | 1 | | |
| 16 | Sweeper | 2 | | | 2 |

## स्थानान्तरण :—

इस शैक्षणिक सत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर ब्रज नन्दन (समाजशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय करसोग से, असिस्टेंट प्रोफेसर वन्दना देवी व डॉ0 अरुण गुलेरिया (अंग्रेजी) एवं असिस्टेंट प्रोफेसर ममता परमार (वनस्पतिशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय मण्डी से, असिस्टेंट प्रोफेसर महेन्द्र सिंह जमवाल (इतिहास ) राजकीय महाविद्यालय हरिपुरधार (सिरमौर) से, असिस्टेंट प्रोफेसर जितेन्द्र कुमार (भौतिक विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय शिलाई (सिरमौर) से, असिस्टेंट प्रोफेसर हुक्म चन्द (जीव विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर (सरकाघाट) से, असिस्टेंट प्रोफेसर भेद राम (अर्थशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर से तथा एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ0 प्रदीप कुमार (भूगोल शास्त्र) राजकीय महाविद्यालय जोगिन्द्रनगर से राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला को स्थानांतरित हुए।

इसी शैक्षणिक सत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर वर्षा (समाजशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला से राजकीय महाविद्यालय करसोग को, असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ0 चेतना (जीव विज्ञान) इस महाविद्यालय से राजकीय महाविद्यालय जोगिन्द्रनगर को, असिस्टेंट प्रोफेसर आशा (अंग्रेजी) व एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ0 संजय सहगल (भूगोल शास्त्र) इस महाविद्यालय से राजकीय महाविद्यालय मण्डी को तथा असिस्टेंट प्रोफेसर मेहर चन्द (अर्थशास्त्र) इस महाविद्यालय से राजकीय महाविद्यालय रिवालसर को स्थानांतरित हुए।

असिस्टेंट प्रोफेसर अनुपम बाहरी इसी शैक्षणिक सत्र में इस महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग में नवनियुक्त हुए।

सह—पुस्तकालयाध्यक्ष श्री चन्द्र चौहान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा से इस महाविद्यालय को स्थानांतरित हुए।

श्री सुरेश कुमार (लिपिक) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झटींगरी से तथा अधीक्षक श्री राम सिंह पटयाल इस महाविद्यालय से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा को स्थानांतरित हुए।

श्री घनश्याम सिंह (लिपिक) इस महाविद्यालय से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी को स्थानांतरित हुए।

श्री नरेन्द्र कुमार ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला छाहड़ी से माली के पद पर नियमित होकर इस महाविद्यालय में नियुक्ति प्राप्त की।

## पदोन्नत्ति :—

वरिष्ठ सहायक श्री सिद्धु राम इस महाविद्यालय से अधीक्षक के पद पर पदोन्नत्त होकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा गये। तत्पश्चात् इसी सत्र में वहाँ से इस महाविद्यालय को स्थानांतरित हुए।

## शैक्षणिक परिणाम :–

| संकाय | सत्र | क्रम संख्या | नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| कला संकाय (Arts) | प्रथम सत्र ($1^{st}$ Sem.) | 1 | रीतिका & अंजु देवी | प्रथम |
| | | 2 | सुनिता | द्वितीय |
| | | 3 | पंकज | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | प्रथम सत्र ($1^{st}$ Sem.) | 1 | कनिका | प्रथम |
| | | 2 | कविता कुमारी ठाकुर | द्वितीय |
| | | 3 | प्रियंका वर्मा | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | प्रथम सत्र ($1^{st}$ Sem.) | 1 | कृतिका ठाकुर | प्रथम |
| | | 2 | सुमन देवी | द्वितीय |
| कला संकाय (Arts) | द्वितीय सत्र ($2^{nd}$ Sem.) | 1 | अंजु देवी | प्रथम |
| | | 2 | रेखा देवी | द्वितीय |
| | | 3 | रीतिका | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | द्वितीय सत्र ($2^{nd}$ Sem.) | 1 | कनिका | प्रथम |
| | | 2 | करिश्मा | द्वितीय |
| | | 3 | कविता कुमारी ठाकुर | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | तृतीय सत्र ($3^{rd}$ Sem.) | 1 | संगीता दवी | प्रथम |
| | | 2 | पूजा कुमारी | द्वितीय |
| | | 3 | सुनीता कुमारी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | तृतीय सत्र ($3^{rd}$ Sem.) | 1 | विजय लक्ष्मी | प्रथम |
| | | 2 | प्रवीण कुमारी | द्वितीय |
| | | 3 | अनिता कुमारी | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | चतुर्थ सत्र ($4^{th}$ Sem.) | 1 | गलिता देवी | प्रथम |
| | | 2 | सुनिता | द्वितीय |
| | | 3 | पूजा कुमारी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | चतुर्थ सत्र ($4^{th}$ Sem.) | 1 | विजय लक्ष्मी | प्रथम |
| | | 2 | प्रवीण कुमारी | द्वितीय |
| | | 3 | कुमारी दिशा | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय | चतुर्थ सत्र | 1 | विनय कुमार | प्रथम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (Commerce) | (4th Sem.) | 2 | नीलम कुमारी | द्वितीय |
| | | 3 | तुलसी देवी | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | पंचम सत्र (5th Sem.) | 1 | बबली | प्रथम |
| | | 2 | अनुपमा ठाकुर | द्वितीय |
| | | 3 | हिमानी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | पंचम सत्र (5th Sem.) | 1 | काजोल कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | रीता देवी | द्वितीय |
| | | 3 | मनीषा देवी | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | पंचम सत्र (5th Sem.) | 1 | सुषमा देवी | प्रथम |
| | | 2 | मनोज | द्वितीय |
| | | 3 | नेहा कुमारी | तृतीय |
| कला संकाय (Arts) | षष्ठ सत्र (6th Sem.) | 1 | ईशु कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | आशीष कुमार | द्वितीय |
| | | 3 | आशा कुमारी | तृतीय |
| विज्ञान संकाय (Science) | षष्ठ सत्र (6th Sem.) | 1 | काजोल कुमारी | प्रथम |
| | | 2 | 1.मनीषा देवी & 2. बनीता देवी | द्वितीय |
| | | 3 | रीता देवी | तृतीय |
| वाणिज्य संकाय (Commerce) | षष्ठ सत्र (6th Sem.) | 1 | सुषमा देवी | प्रथम |
| | | 2 | नेहा कुमारी | द्वितीय |
| | | 3 | विशाल पटियाल | तृतीय |

## परीक्षा संचालन :–

**10 सितम्बर से 18 सितम्बर, 2018 तक (तृतीय एवं पचंम सत्र) की, 14 दिसमबर से 22 दिसम्बर, 2018 तक प्रथम वर्ष तथा 11 मार्च से 16 मार्च, 2019 तक (चतुर्थ एवं षष्ठ सत्र) की मध्यावधि परीक्षाएं संचालित की गईं।**

## केन्द्रीय छात्र परिषद् :–

**इस सत्र में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा निर्दिष्ट दिशा–निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक वरीयता क्रम के आधार पर केन्द्रीय छात्र परिषद् का मनोनयन किया गया। 10 अक्तूबर, 2018 को शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। मनोनीत सदस्यों का विवरण इस प्रकार से है:–**

| क्रम सं0 | पद | नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | संगीता देवी | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 2. | उपाध्यक्ष | विजय लक्ष्मी | बी0एस0 सी0 पंचम सत्र |
| 3. | सचिव | प्रियंका | बी0एस0 सी0 प्रथम वर्ष |
| 4. | सह–सचिव | सोनिया ठाकुर | बी0ए0 प्रथम वर्ष |
| 5. | कक्षा प्रतिनिधि | कुलदीप ठाकुर | बी0ए0 प्रथम वर्ष |
| 6. | कक्षा प्रतिनिधि | रीतिका | बी0ए0 तृतीय सत्र |
| 7. | कक्षा प्रतिनिधि | पूजा कुमारी | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 8. | कक्षा प्रतिनिधि | शालू | बी0 कॉम0 प्रथम वर्ष |
| 9. | कक्षा प्रतिनिधि | चेतन कुमार | बी0एस0 सी0 प्रथम वर्ष |
| 10. | कक्षा प्रतिनिधि | प्रियंका वर्मा | बी0एस0 सी0 तृतीय सत्र |
| 11. | कक्षा प्रतिनिधि | प्रवीण कुमारी | बी0एस0 सी0 पंचम सर्त्र |

इसके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के लिए निम्नलिखित दस सदस्य भी नामांकित किए गए हैं :–

| क्रम सं0 | पद | नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | एन0एस0एस0 | मनीषा | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 2. | एन0एस0एस0 | ममता देवी | बी0ए0 पंचम सत्र |
| 3. | खेल–कूद (पुरुष) | विनय कुमार | बी0एस0 सी0 प्रथम वर्ष |
| 4. | खेल–कूद (महिला) | दिशा | बी0एस0 सी0 तृतीय सत्र |
| 5. | सांस्कृतिक | सरोजनी ठाकुर | बी0ए0 तृतीय सत्र |
| 6. | सांस्कृतिक | अक्षय | बी0ए0 तृतीय सत्र |
| 7. | रेड रिब्बन क्लब | कुमारी दिशा | बी0एस0 सी0 पंचम सत्र |
| 8. | इको क्लब | अनिता कुमारी | बी0एस0 सी0 पंचम सत्र |
| 9. | रोवर | गुर देव | बी0एस0 सी0 पंचम सत्र |
| 10. | रेन्जर | अनिता कुमारी | बी0ए0 पंचम सत्र |

## अभिभावक–शिक्षक संघ :–

25 सितम्बर, 2018 को महाविद्यालय में अभिभावक–शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का गठन प्राचार्य, डॉ0 अरविन्द सहगल की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गये :–

| क्रम सं0 | पद | नाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रधान | श्री प्रेम सिंह |
| 2. | उपप्रधान | श्रीमती कलावती |
| 3. | सचिव | श्री सिद्धु राम |
| 4. | सह–सचिव | श्री प्रेम लता |
| 5. | कोषाध्यक्ष | श्री नवल किशोर |
| 6. | मुख्य सलाहकार | श्री विनोद कुमार |
| 7. | सदस्य | श्रीमती ममता देवी |
| 8. | सदस्य | श्रीमती जसवन्त कौर |
| 9. | सदस्य | डॉ0 कल्याण चन्द मंढोत्रा |
| 10. | सदस्य | प्रो0 सन्दीप कुमार |
| 11. | सदस्य | डॉ0 मीना कुमारी |

## छात्रवृत्तियाँ :–

इस सत्र में वितरित छात्रवृत्तियों का विवरण इस प्रकार है :–

| क्रम संख्या | छात्रवृत्ति | कुल राशि | छात्र संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जाति | 25,846 | 06 |
| 2 | अनुसूचित जनजाति | 21,400 | 05 |
| 3 | ओ0बी0 सी0 | 26,328 | 08 |
| 4 | आई0 आर0 डी0 पी0 | 32,400 | 27 |
| 5 | कल्पना चावला | 90,000 | 06 |
| 6 | आर्थिक पिछड़ी जाति | 10,352 | 02 |
| | कुल योग | 2,06,326 | 54 |

## पुस्तकालय :–

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान की मुख्य सम्पत्ति होती है तथा इसका आकार संस्था की स्थिति का द्योतक होता है । राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला अभी अपने प्रारम्भिक चरण में है। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की 3167 बहुमूल्य पुस्तकें हैं। इस शैक्षणिक सत्र अर्थात 2018 में 350 विभिन्न विषयों से सम्बन्धित पुस्तकें क्रय की गयी। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के पुस्तकालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन हेतु हिन्दी के तीन तथा अंग्रेजी का एक दैनिक समाचार पत्र तथा 15 मासिक पत्रिकाएँ अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। महाविद्यालय द्वारा छात्रों के हित को देखते हुए प्रतिवर्ष प्राध्यापकों के सुझाव पर पुस्तकालय हेतु पुस्तकें क्रय की जाती हैं।

## खेलकूद गतिविधियाँ :–

महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा का प्राध्यापक न होते हुए भी, सुविधाओं के अभाव में असिस्टेंट प्रोफेसर सन्दीप कुमार ने वॉलीबॉल टीम की तैयारियाँ करवायी तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में पुरूष वॉलीबॉल टीम ने राजकीय महाविद्याालय रामपुर बुशहर, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश में भाग लिया, जिसमें हमारी टीम ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

## युवा समारोह :–

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा समारोह ग्रुप–II में दिनाँक 26 से 29 सितम्बर, 2018 तक राजकीय महाविद्याालय धर्मशाला, जिला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश में भाग लिया, जिसमें हमारी टीम ने प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। डॉ. कल्याण चन्द मंढोत्रा द्वारा निर्देशित 'भारतीय समूह–गान' तथा 'लोकगायन' प्रतियोगितायों में हमारे महाविद्याालय ने क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## जीविका परामर्श प्रकोष्ठ (Career Counselling Cell):-

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के भविष्य को सकारात्मक दिशा देने हेतु जीविका परामर्श प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जिसके समन्वयक डॉ0 संजय सहगल थे और वर्तमान में डॉ0 रविन्द्र कुमार है। इसके अंतर्गत 20 जुलाई, 2018 को महाविद्यालय में **IFCAI (IBS)** हैदराबाद के सौजन्य से **'Personality Development & Career Building'** पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डॉ0 रेशमी मन्ना **( AP & HR Manager, Gurgaon Campus)** मुख्य वक्ता थीं। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नौकरी के लिए अपना संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करने तथा साक्षात्कार व संचार कौशल के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवायी गयी एवं विविध कार्य क्षेत्रों के विषय में विद्यार्थियों को व्यापक जानकारियां भी प्रदान गयी। इसके अतिरिक्त समय–समय पर महाविद्यालय विद्यार्थियों को आजीविका हेतु

परामर्श एवं उनके भविष्य को सकारात्मक दिशा देने के लिए आवश्यक जानकारियाँ उपलब्ध करवायी गयी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :–

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 दायक राम ठाकुर के नेतृत्व में कार्यरत है। इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना में 102 स्वयंसेवक पंजीकृत हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं कार्यों के प्रति जागरूक भी किया गया। नियमित गतिविधियों में महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवियों द्वारा इस सत्र में :–
09 अगस्त, 2018 में हरड, आँवला, जामुन एवं देवदार प्रजाति के लगभग 115 पौधों की रोपाई की तथा समय–समय पर वर्ष भर एक दिवसीय कैम्प लगाकर परिसर में रोपे गये पौधों के तौलिए बनाकर देखभाल व सिंचाई की गयी तथा परिसर की साफ–सफाई की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया।
29 सितम्बर, 2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना का 'स्थापना दिवस' मनाया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे देश भक्ति गीत, लोकगीत व राष्ट्रीय सेवा योजना गीत, राष्ट्रीय सेवा योजना पर भाषण तथा कविता पाठ आदि में भाग लिया।
राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी निखिल धरवाल ने मनाली में 13 से 17 दिसम्बर, 2018 तक आयोजित पाँच दिवसीय 'राष्ट्रीय मेगा कैम्प' में भाग लिया तथा स्वयंसेवी प्रेम सिंह एवं राजेश ने जिला स्तरीय युवा संसद के लिए राजकीय वल्लभ महाविद्यालय मण्डी में अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया।
21 से 27 दिसम्बर, 2018 तक महाविद्यालय में एन0एस0एस0 के सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ0 अरविन्द सहगल द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण करके किया गया। इस शिविर में 51 स्वयंसेवियों ने भाग लिया । जिसके अर्न्तगत महाविद्यालय में सफाई, सौन्दर्यीकरण, क्यारियों व फूलवारियों का निर्माण तथा झाड़ियों की कटाई का कार्य भी किया गया।
बौद्धिक व शैक्षणिक सत्र गतिविधियों में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवियों का ज्ञानवर्धन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से श्री रमेश यादव ने नशा निवारण एवं स्वास्थ्य संबन्धी व प्राथमिक चिकित्सा सहायता संबन्धी जानकारी प्रदान की। एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ0 रविन्द्र कुमार ने जी0 एस0 टी0 नामक विषय पर स्वयंसेवियों की ज्ञान पिपासा शान्त की। कृषि विकास अधिकारी पधर, डॉ0 पूर्ण चन्द ने कृषि परियोजनाओं एवं जैविक खेती का ज्ञान प्रदान किया। श्री सुभाष शर्मा एस0एच0ओ0 द्रंग ने सामान्य पुलिस कार्यप्रणाली तथा राजकीय महाविद्यालय रिवालसर से असिस्टेंट प्रोफेसर मेहर चन्द ने एन0एस0एस0 के उद्देश्य एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला। विशेष वार्षिक शिविर के समापन के अवसर पर डी0एस0पी0 मदनकांत शर्मा जी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जिसमें उन्होंने स्वयंसेवियों के कार्यों की प्रशंसा की और देश व समाज के लिए इन सेवाओं को

महत्वपूर्ण बताया। ऐसे शिविरों से स्वयंसेवियों में समाजसेवा के माध्यम से चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, टीम भावना, नेतृत्व कौशल, प्रबंधकीय कला, स्वानुशासन व दार्शनिकता के साथ–साथ मार्मिकता और सहृदयता को भी अंगीकार करने में मदद मिलती है जो कि राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय है। इसके साथ ही उन्होंने स्वयंसेवियों को नशे के दानव से दूर रहने व उसके दुष्प्रभावों के बारे में भी चर्चा की।

## <u>भारत स्काउट एण्ड गाइड</u> :–

इस सत्र में रोवर्स एवं रेन्जर इकाई असिस्टेंट प्रोफेसर महेन्द्र सिंह जमवाल और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 मीना कुमारी के नेतृत्व में चल रही हैं। जिसमें 20 रेन्जर्स व 12 रोवर्स को पंजीकृत किया गया है। रोवर्स व रेन्जर्स ने महाविद्यालय में समय–समय पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लियझं

01 अगस्त, 2018 को महाविद्यालय में रोवर्स और रेन्जर के द्वारा 'स्कार्फ दिवस' मनाया गया।

18 दिसम्बर, 2018 को रोवर्स व रेन्जर्स की इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। इसके अतिरिक्त रोवर्स एवं रेन्जर ने एन0एस0एस0 के स्वयंसेवियों के साथ मिलकर महाविद्यालय के परिक्षेत्र में पौध रोपण किया तथा सफाई भी की गयी।

महाविद्यालय के छठे सत्र से रोवर्स सुभाष चन्द एवं संजय कुमार ने रिवालसर, जिला मण्डी में आयोजित पाँच दिवसीय आठवीं राज्य स्तरीय रैली में भाग लिया तथा छठे सत्र के विद्यार्थी रोवर्स सुभाष चन्द ने 26 जनवरी, 2019 को 'गणतन्त्र दिवस' के अवसर पर राज्य स्तरीय सलामी परेड में भाग लेकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया।

रोवर एवं रेन्जर की इकाई ने 09 फरवरी, 2019 मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत 'जागरूक मतदाता मजबूत लोकतन्त्र' नामक कार्यक्रम का आयोजन भी किया। जिसमें छात्रों को वोटर पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया गया तथा मतदाता के रूप में उनकी सकारात्मक भूमिका का एहसास करवाया गया।

16 फरवरी, 2019 को महाविद्यालय की रेन्जर इकाई ने समीपवर्ती रिगड़ गांव में **<u>Personal Hygiene and Sanitation</u>** नामक विषय पर गांव वासियों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एक 'नुक्कड़ नाटक' का आयोजन किया।

19 फरवरी, 2019 को रोवर लीडर असिस्टेंट प्रोफेसर महेन्द्र सिंह जमवाल ने छात्रों को वोट के महत्त्व पर प्रकाश डालने के पश्चात् निष्पक्ष मताधिकार की शपथ दिलाई।

## <u>इको क्लब (Eco Club)</u> :–

सांईस एण्ड टैक्नालॉजी विभाग के द्वारा महाविद्यालय में इको क्लब का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के प्रति छात्रों को जागरूक कराना तथा **Clean & Green** अभियान से जोड़ना है । इको क्लब में इस सत्र में 43 विद्यार्थी नामांकित हैं। इको क्लब की समन्वयक असिस्टेंट प्रोफेसर ममता परमार हैं।

27 जुलाई, 2018 को महाविद्यालय के प्रांगण में 'स्वच्छ भारत अभियान' कार्यक्रम के अन्तर्गत सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की नालियों की सफाई की तथा प्लास्टिक का कचरा एकत्रित कर एवं खर–पतवार उखाड़ कर एक कदम स्वचछता की ओर बढ़ाया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से खण्ड विकास अधिकारी पधर भी उपस्थित थे।

10 अगस्त, 2018 को इको क्लब के सदस्यों द्वारा एन0एस0एस0 के स्वयंसेवियों तथा रोवर एवं रेन्जर के सदस्यों के साथ मिलकर महाविद्यालय परिक्षेत्र में लगभग 65 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

01 सितम्बर, 2018 को 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत महाविद्यालय के साथ लगते जुण्ढर गाँव के दो जलस्त्रोतों (बाबड़ियों) में जमें शैवाल व काई की सफाई की गयी तथा गाँव से लेकर महाविद्यालय तक रास्ते में बिखरे प्लास्टिक के कचरे को एक़त्रित कर नष्ट किया गया।

11 सितम्बर, 2018 महाविद्यालय परिसर में इको क्लब के सदस्यों ने एन0एस0एस0 के स्वयंसेवियों तथा रोवर्स व रेन्जर्स के साथ मिलकर हरड, बहेड़ा, आँवला, एवं जामुन आदि औषधीय प्रजाति के लगभग 65 पौधों की रोपाई की तथा समय–समय पर परिसर में रोपे गये पौधों की देखभाल कर परिसर की साफ–सफाई की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

## रेड क्रॉस सोसाइटी /रेड रिबन क्लब :–

महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब का गठन किया गया है जिसमें इस सत्र में 50 छात्र नामांकित हुए हैं। इस क्लब की समन्वयक एसोसिएट प्रोफेसर नीलम शर्मा हैं। दिनांक 21 दिसम्बर, 2018 को महाविद्यालय में 'रेड रिबन क्लब' के सहयोग से 'एडस जागरूकता दिवस' मनाया गया। इस विशेष अवसर पर बी0 एम0 ओ0 पधर डॉ0 शेखर कपूर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ0 शेखर कपूर ने विद्यार्थियों को 'एडस' नामक भयंकर बीमारी की विस्तृत जानकारी प्रदान कर इससे बचने व रोकथाम के उपाय भी सुझाए। विद्यार्थियों ने भी इस बीमारी से जुड़ी अपनी आशंकाओं से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जिनका डॉ0 शेखर कपूर ने बड़ी कुशलता से समाधान किया।

## अन्य गतिविधियाँ :–

26 जुलाई, 2018 को महाविद्यालय में उपमंडल स्तर पर उपमंडलाधिकारी पधर के सहयोग से 'कारगिल दिवस' मनाया गया। इस विशेष अवसर पर 'भूतपूर्व सैनिक लीग पधर' के अध्यक्ष श्री रोशन लाल ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यातिथि श्री रोशन लाल ठाकुर, उपमंडलाधिकारी पधर डॉ0 आशीष शर्मा, महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ0 अरविन्द सहगल, समस्त शिक्षक वर्ग तथा विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध में शहीद वीर सैनिकों को श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यातिथि श्री रोशन लाल

ठाकुर ने वीर सैनिकों के कठिन अनुभवों का वर्णन किया तथा विद्यार्थियों को वीर सैनिकों की भान्ति ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा व अनुशासन का पालन करते हुए अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत एसोसिएट प्रोफेसर राज कुमार जमवाल ने कारगिल युद्ध की विजयगााथा प्रस्तुत की तथा असिस्टेंट प्रोफेसर वन्दना देवी के द्वारा विद्यार्थियों को सेना में कॅरिअर की अपार संम्भावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

<u>06 अगस्त, 2018</u> को महाविद्यालय के प्रांगण में <u>'नशा निवारण कार्यशाला'</u> का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डी0एस0पी0 मदनकांत शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने इस अवसर पर समाज व युवाओं में फैलती नशे के प्रवृत्ति पर अपने विचार व्यक्त किये तथा छात्रों को इससे बचने के उपाय सुझाकर इस बुराई से दूर रहने का आह्वान भी किया।

<u>05 सितम्बर, 2018</u> को महाविद्यालय में <u>'शिक्षक दिवस'</u> विद्यार्थियों द्वारा बड़ी धूम–धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे। छात्रों ने शिक्षक के महत्त्व का गुणगान भाषण व कविता–पाठ के माध्यम से किया।

<u>07 सितम्बर, 2018</u> को महाविद्यालय में <u>'लैंगिक संवेदनशीलता'</u> नामक विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन विभाग मण्डी से अरण्यपाल उपासना पटियाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थीं। मुख्यातिथि महोदया ने विद्यार्थियों को समाज में होने वाले लैंगिक मतभेद के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि पुरूष व स्त्री समाज के अभिन्न अंग हैं परन्तु आधुनिक समय में हमारी सोच विकृत हो चुकी है तथा खोये हुए नैतिक मूल्यों को फिर से प्राप्त करने के हमें प्राचीन संस्कार व संस्कृति की ओर लौटना होगा। इस अवसर पर छात्रों ने मुख्यातिथि महोदया से अनेक प्रश्न भी पूछे जिनका महोदया द्वारा सन्तोषजनक उत्तर दिया गया।

<u>14 सितम्बर, 2018</u> को महाविद्यालय में <u>'हिन्दी दिवस'</u> के उपलक्ष्य में कविता–पाठ, एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय मण्डी से सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, डॉ0 गौरी प्रसाद शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने हिन्दी भाषा की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए उसके प्रयोग पर बल देने का भी आह्वान किया।

<u>10 अक्तूबर, 2018</u> को महाविद्यालय में नव–मनोनीत <u>'केन्द्रीय छात्र संघ'</u> के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गयी।

<u>11 अक्तूबर, 2018</u> को महाविद्यालय में <u>'आपदा प्रबन्धन'</u> के अन्तर्गत उपमंडलाधिकारी पधर डॉ0 आशीष शर्मा, अग्निशमन विभाग जोगिन्द्रनगर, होमगार्ड तथा पुलिस विभाग के सौजन्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ0 अरुण गुलेरिया व असिस्टेंट प्रोफेसर महेन्द्र सिंह जमवाल ने आपदा प्रबन्धन नामक विषय पर व्याख्यान दिये तत्पश्चात अग्निशमन विभाग, होमगार्ड तथा पुलिस विभाग के

द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में छात्रों व कर्मचारियों के सम्मुख एक मॉक ड्रिल भी की गयी जिसमें आपदा से बचने के गुर सिखाए गये।

20 अक्तूबर, 2018 को 'मैराथन' का आयोजन किया गया। यह महाविद्यालय के प्रांगण से शुरू होकर अस्पताल चौक पधर तक चार किलोमीटर लम्बी दौड़ थी जिसमें 23 छात्रों व 12 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी पधर डॉ0 आशीष शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे।

26 नवम्बर, 2018 को महाविद्यालय में 'सविधान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों को याद किया गया तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना को भी पढ़ा गया।

07 दिसम्बर, 2018 को महाविद्यालय में 'सॉफ्ट स्किल सेमिनार' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर वन्दना देवी के द्वारा विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन स्किल, शिष्टाचार, अनुकूलन क्षमता तथा आपसी सांमजस्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 अरुण गुलेरिया ने सामाजिक सांमजस्य, भावनात्मक शक्ति एवं मोबाइल फोन के प्रभाव व दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला।

21 दिसम्बर, 2018 को महाविद्यालय में '**Eat Right India**' नामक विषय पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, मानव विकास संसाधन मत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार महात्मा गान्धी की 150वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

06 फरवरी, 2019 को महाविद्यालय में 'सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा' कार्यक्रम के अन्तर्गत हिमाचल ट्रेफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों की जानकारी विद्यार्थियों को मुहैया करवायी गयी।

09 फरवरी, 2019 को महाविद्यालय में '**SVEEP**' के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत ''जागरूक मतदाता मजबूत लोकतन्त्र'' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान छात्रों को नए वोटर कार्ड, पुराने वोटर कार्ड में नाम व पता बदलने से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को मतदाता फार्म भरने व वोटर पहचान पत्र बनवाने के लिये भी प्रेरित किया गया।

27 फरवरी, 2019 को महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, प्रश्नोत्तरी व विज्ञान से सम्बन्धित मॉडल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं।

## महाविद्यालय की उपलब्धियाँ :–

1. इस शैक्षणिक सत्र में यु0जी0सी0 द्वारा महाविद्यालय को 2(F) और 12(B) की सूची में शामिल किया गया।
2. रूसा के अन्तर्गत प्राप्त राशि से महाविद्यालय में प्राचार्य कक्ष, प्राध्यापक कक्ष व कार्यलय के कक्षों तथा सभागार की पुनर्सज्जा के लिए जरूरी फर्नीचर व सामान प्रशासनिक अनुमोदन व अवलोकन के पश्चात् खरीदा गया।
3. महाविद्यालय की बाह्य चाहरदिवारी के लिए भूमि का सीमांकन करवा कर हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को अनुमानित राशि जमा करवाने के पश्चात् इसका कार्य भी शुरू हो चुका है।
4. विज्ञान–भवन का कार्य हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरू किया जा चुका है और आजकल प्रगति पर है।
5. हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा घोषित 100 **Days Agenda** के अन्तर्गत कार्यलय में एकत्रित अनावश्यक सामान नष्ट किया गया, रद्दी व बेकार हो चुकी वस्तुओं की नीलामी की गयी एवं अव्यवस्था को दुरुस्त कर महाविद्यालय के परिसर को **Wi-Fi** सुविधा से जोड़ा गया।
6. माननीय उच्च न्यायालय व सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु **CCTV** कैमरे लगाये गये।
7. महाविद्यालय में आवासीय भवन बन कर तैयार हो चुके हैं जिनका आबंटन इच्छुक कर्मचारियों को उनकी वरीयता के आधार पर किया गया।
8. महाविद्यालय के भवन के भू–तल के सामने की दीवार लगभग गिरने वाली स्थिति में थी। उसे हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग को आपेक्षित राशि जमा करवाने के पश्चात् फिर से लगवाया गया तथा वनस्पति उद्यान के रूप में विकसित किया गया।
9. महाविद्यालय के कार्यलय की विविध इकाइयों को नेटवर्क सुविधा से जोड़ा गया।
10. महाविद्यालय परिसर में देवदार तथा औषधीय प्रजाति के हरड, बहेड़ा, आँवला व जामुन आदि के लगभग 175 पौधों की रोपाई की गयी तथा समय–समय पर एन0एस0एस0, रोवर–रेन्जर एवं इको क्लब के सदस्यों द्वारा उनकी देखभाल भी की जाती है।
11. माननीय उच्च न्यायालय व सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में छात्राओं के लिए नैपकिन वेंडिंग मशीन लगायी गयी है।
12. माननीय उच्च न्यायालय व सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में बाहरी तत्वों के आगमन पर पूर्णतः रोक लगा दी गयी है।

13. सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में समय–समय पर 'नशा निवारण' व 'नारी संवेदना' सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।
14. क्लस्टर विश्वविद्यालय के भवन निमार्ण सम्बन्धी कार्य की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात् 22 फरवरी, 2019 को माननीय मुख्य मन्त्री, हि0प्र0 द्वारा शिलान्यास किया गया है। आशा है कि शीघ्र ही भवन निमार्ण सम्बन्धी कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।
15. सरकार की इच्छा व आदेशानुसार 27 व 28 मार्च, 2019 को महाविद्यालय का 'राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद' **(NACC)** के द्वारा मूल्यांकन किया गया है।

## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–

प्रो0 संजय सहगल एवं प्रो0 रविन्द्र कुमार ने 21 जुलाई, 2018 को **"ICFAI"** के सौजन्य से 'महाराजा लक्ष्मण सेन महाविद्यालय, सुन्दरनगर' में आयोजित 01 दिवसीय ज्ञान साझा कार्यक्रम के अन्तर्गत **"Relvance of Case Studies in Professional Teaching"** में भाग लिया । प्रो0 संजय सहगल ने 30 जून, 2018 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित **"Board of Studies"** की मीटिंग में भाग लिया जिसमें वार्षिक प्रणाली अपनाने पर स्नात्तक स्तर के भूगोल विषय का पाठ्यक्रम निर्धारण किया गया।

प्रो0 राज कुमार जमवाल ने 01-02 अक्तूबर, 2018 को **"Interdisciplinary Approaches in Understanding Science, Arts and Spirituality"** नामक विषय पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के दृश्य कला विभाग, प्रतिभा स्पन्दन संस्था तथा वाणिज्य प्रबंधन संघ हिमाचल प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 02 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा 'शरद जोशी की कहानियों का व्यंग्यात्मक विश्लेषण' नामक विषय पर शोध-पत्र भी प्रस्तुत किया।

प्रो0 सन्दीप कुमार ने 27 नवम्बर से 17 दिसम्बर, 2018 तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अन्तर्गत 'दिल्ली विश्वविद्यायलय' द्वारा **"Contemporary Issues of the World"** नामक विषय पर आयोजित 21 दिवसीय **"Refresher Course"** में भाग लिया।

प्रो0 अरुण गुलेरिया ने **"Soft Skill"** नामक विषय पर एक पुस्तक लिखी जिसे **ICDEOL,** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के द्वारा पाँचवें सत्र के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित किया गया है।

प्रो0 अरुण गुलेरिया ने 03–04 अगस्त, 2018 को 'राजकीय महाविद्यालय बासा' द्वारा **"Contemperory Indian Literature in English"** नामक विषय पर आयोजित 02 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में तथा 01–02 अक्तूबर, 2018 को **"Interdisciplinary**

**Approaches in Understanding Science, Arts and Spirituality"** नामक विषय पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के दृश्य कला विभाग, प्रतिभा स्पन्दन संस्था तथा वाणिज्य प्रबंधन संघ हिमाचल प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 02 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेकर **"The Sufi Euphoria: A Study of Selected Works"** नामक विषय पर शोध–पत्र भी प्रस्तुत किया। इसके साथ ही इन्होंने 25–26 अक्तूबर, 2018 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा आयोजित **"Multicultural Present and Political Identity : Australia and India"** 02 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में तथा 28 अक्तूबर से 21 नवम्बर, 2018 तक 'कुमाऊँ विश्वविद्यायलय नैनिताल' द्वारा आयोजित 21 दिवसीय **"Refresher Course (English)"** में भाग लिया तथा 10 नवम्बर, 2018 को इसी विश्वविद्यालय में आयोजित **"Higher Education in India – Issues Challenges and Solutions"** नामक विषय से सम्बन्धित 01 दिवसीय कार्यशाला में भी भाग लिया।

प्रो0 वन्दना देवी ने सितम्बर, 2018 में 'हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान' **(HIPA)** से 'विभागीय परीक्षा' पास की तथा 03–04 अगस्त, 2018 को 'राजकीय महाविद्यालय बासा' में **"English Teacher's Forum "** द्वारा आयोजित **"Contemporary Indian Literature in English"** नामक विषय पर 02 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और शोध–पत्र पढ़ा। इसके साथ ही इन्होंने दिसम्बर, 2018 में पी.एचडी. की उपाधि हेतु हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के अंग्रेजी विभाग में अपना शोध–प्रबन्ध भी प्रस्तुत किया।

प्रो0 ममता परमार ने सितम्बर, 2018 में 'हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान' **(HIPA)** से 'विभागीय परीक्षा' पास की।

प्रो0 हुक्म चन्द ने 25 जून से 07 जुलाई, 2018 तक 'राजकीय शिक्षक शिक्षण संस्थान, धर्मशाला' द्वारा आयोजित 14 दिवसीय **"Induction Training Programme"** में तथा 14–15 दिसम्बर, 2018 तक 'राजकीय महाविद्यालय कुल्लू' द्वारा **"Role of Science and Technology in Disaster Management"** नामक विषय पर आयोजित 02 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लिया।

प्रो0 भेद राम ने 27–29 दिसम्बर, 2018 तक **"Institute of Technonology Vellore, Tamilnadu"** में **"Indian Economic Association"** द्वारा आयोजित 101वाँ वार्षिक सम्मेलन में भाग लिया तथा **"Why Do People Avoid Medical Treatment in India? Analysing Gender Differentials"** नामक विषय पर शोध–पत्र भी प्रस्तुत किया।

प्रो0 अनुपम बाहरी ने 01 अक्तूबर, 2018 को 'राजकीय महाविद्यालय जुखाला' द्वारा आयोजित **"Progressions for Brilliance in Commerce, Management and Economics"** नामक विषय पर 01 दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार में भाग लिया तथा इसके साथ ही इन्होंने 02 अक्तूबर, 2018 को **"Interdisciplinary Approaches in Understanding Science, Arts and Spirituality"** नामक विषय पर हिमाचल प्रदेश

विश्वविद्यालय शिमला के दृश्य कला विभाग, प्रतिभा सपन्दन संस्था तथा वाणिज्य प्रबंधन संघ हिमाचल प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया तथा **"Role of Advertising in Dissemination of Information"** नामक विषय पर शोध–पत्र भी प्रस्तुत किया।

मान्यवर,

सत्र 2018–19 के अपने इस वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से मैंने इस महाविद्यालय की जिन उपलब्धियों की चर्चा की है उन्हें साकार रूप देने का श्रेय आपको व इस महाविद्यालय के योग्य प्राध्यापक वर्ग, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी वर्ग तथा अनुशासित विद्यार्थियों को जाता है। मैं इन सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास के लिए समय–समय पर जो सहयोग, स्थानीय उपमण्डलाधिकारी (नागरिक) पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग तथा पत्रकार बन्धुओं ने दिया है इन सभी के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूँ और मैं आशा करता हूँ कि आगे भी इनका सहयोग मिलता रहेगा।

प्राचार्य, डॉ0 अरविन्द सहगल जी के हम विशेष रूप से आभारी हैं जिन्होंने इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी सहमति प्रदान की। इसके लिए हम आपके अत्यन्त आभारी हैं।

यहां पधारे प्रमुख नागरिकों एवं अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद। आपके पधारने से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ी है। पुरस्कृत विद्यार्थियों को पुरस्कार प्राप्ति के लिए बधाई। जिन्हें पुरस्कार नहीं मिल पाए हैं, उनके लिए भविष्य में प्रयत्नशील रहने के लिए कामना करता हूँ। हमें आशा है कि आप विद्यार्थी अपनी मंजिल अवश्य पाएंगे और देश, समाज तथा समस्त मानव जाति  के कल्याण के लिए प्रत्यनशील रहेंगे।

धन्यवाद !